# सराफा दुकान में लाखों की चोरी




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 जुलाई।** शहर के उपनगर ग्वालियर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविल अस्पताल के सामने स्थित 'साईनाथ ज्वेलर्स' में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात चोरों ने धावा बोल दिया।

**दुकान का शटर तोड़कर 6 किलो चांदी और 3 तोला सोना समेट ले गये चोर**

शातिर चोर दुकान से नकदी सहित 6 किलो चांदी और 3 तोला सोने के जेवर चोरी कर ले गए। दुकान के मालिक अभिषेक शर्मा ने बताया कि वे रविवार रात दुकान बंद कर घर गए थे। सोमवार सुबह पड़ोसियों द्वारा दुकान का ताला टूटे होने की सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। वारदात रात करीब ढाई बजे अंजाम दी गई।

**सीसीटीवी में कैद हुए 'हाईटेक' चोर :** पुलिस द्वारा खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज में करीब तीन चोर दिखाई दे रहे हैं, जो छत के रास्ते दुकान में दाखिल हुए थे। चोर काफी शातिर थे, उन्होंने वारदात से पहले दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का रुख बदल दिया था। अपनी पहचान छिपाने के लिए चोरों ने चेहरे पर नकाब और उंगलियों के निशान न छोड़ने के लिए हाथों में ग्लब्स पहने हुए थे।

**इनका कहना है ...**

नकाब होने के कारण चोरों की पहचान नहीं हो सकी है। अब पुलिस आसपास के रास्तों पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि चोरों के आने-जाने के मार्ग और बिना नकाब वाली उनकी फुटेज मिल सके। पुलिस का मानना है कि चोरों ने घटनास्थल के पास ही नकाब पहना होगा।

– प्रशांत शर्मा, थाना प्रभारी-ग्वालियर

## बिना फिनाइल-एसिड हो रही वार्डों की सफाई

**ग्वालियर, 20 जुलाई।** जिला अस्पताल मुरार में सफाई व्यवस्था बदहाल है, जहाँ बिना फिनाइल और एसिड के वार्डों की सफाई की जा रही है। इस कुव्यवस्था के कारण अस्पताल में गंदगी और संक्रमण का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। मार्च माह में सफाई का नियमित टेंडर समाप्त होने के बाद, अस्पताल प्रबंधन ने 'सनशाइन कंपनी' को बिना किसी नए टेंडर के अस्थायी तौर पर सफाई का काम सौंप दिया था। यह ठेका इसी महीने समाप्त होने वाला है, लेकिन इस दौरान ठेकेदार अपनी मनमर्जी चला रहा है। सफाई कर्मियों को फिनाइल और तेजाब उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सफाई के अभाव में गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ गया है। वर्तमान सिविल सर्जन डॉ. सीमा जायसवाल के लिए पुराने आदेशों और इस सफाई व्यवस्था को सुधारना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

**जिले में मानसून मेहरबान**

# हल्की बारिश से मिली उमस भरी गर्मी से राहत



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 जुलाई।** शहरवासियों को लंबे समय से जिस बारिश का इंतजार था, वह आखिरकार शुरू हो गई है। रविवार को सुबह 10:45 बजे से शुरू हुई हल्की फुल्की बारिश ने लोगों को उमस और भीषण गर्मी से बड़ी राहत पहुंचाई है।

सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे जिससे मौसम सुहावना बना रहा साथ ही दिनभर चली ठंडी हवाओं ने क्षेत्रवासियों को घूमने फिरने के लिए उत्साहित कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, गुजरात और महाराष्ट्र की ओर से आ रही हवाएं अपने साथ नमी और बादल लेकर आ रही हैं, जो ग्वालियर के ऊपर से गुजर रहे हैं, इसी के चलते बारिश का दौर शुरू हुआ है। बारिश के चलते तापमान में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई है। शहर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों ने आने वाले पांच दिनों तक ग्वालियर में इसी तरह रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। बारिश शुरू होने से लोगों के चेहरों पर खुशी देखी जा रही है, जो पिछले कई दिनों से आसमान में बादलों के डेरा डालने का इंतजार कर रहे थे।

# चरित्र शंका में पत्नी को उतारा था मौत के घाट

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 जुलाई।** डबरा थाना क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति धर्मेंद्र उर्फ टील्लू ने अपनी पत्नी गीता की तकिये से मुँह दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है।

**पति ने तकिये से मुँह दबाकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार**

16 जुलाई की रात गीता अपने कमरे में चारपाई पर मृत पाई गई थी। घटना के बाद आरोपी धर्मेंद्र ने पुलिस और परिजनों को गुमराह करने की कोशिश की और दावा किया कि तबीयत खराब होने के कारण गीता ने कोई गोली खा ली थी, जिससे उसकी मौत हुई।

हालाँकि, पुलिस की जाँच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ कि मौत दम घुटने से हुई थी। घटनास्थल की जाँच में जिस तकिये पर गीता का सिर रखा था, उस पर खून के दाग मिले और उसकी नाक से भी खून बह रहा था, साथ ही शरीर पर मारपीट के निशान भी पाए गए।

**मृतक के परिजनों ने कहा**

मृतका की माँ राजाबेटी और भाई करन ने अपने बयानों में बताया कि धर्मेंद्र अपनी पत्नी गीता के चरित्र पर आए दिन शंका करता था और उसके साथ मारपीट करता था। इतना ही नहीं, 19 जून को गीता की बहन की शादी के दौरान भी आरोपी ने झगड़ा किया था और घर लौटने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस के अनुसार, जिस कमरे में यह घटना हुई, वहाँ गीता और आरोपी पति धर्मेंद्र के अलावा बच्चे भी मौजूद थे। पुलिस अब आरोपी से सख्ती से पूछताछ कर रही है।

# अव्यवस्थाओं का केंद्र बना मुरार हाट बाजार, जनता और व्यापारी परेशान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 जुलाई।** ग्वालियर के मुरार क्षेत्र में लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार इन दिनों अव्यवस्था का केंद्र बना हुआ है। यह हाट बाजार 6 नं चौराहे से लेकर मुरार सब्जीमंडी तक लगता है। इस बाज़ार में कई सारे हाथ ठेले और फड़ लगते है जिनपर कम कीमत में रोजमर्रा की जरुरत का सामान मिलता है, जिस कारण यहां लोगो की काफी भीड़ जमा रहती है।

हाट बाजार में भारी भीड़ होने के बावजूद न तो साफ़ सफाई की कोई व्यवस्था है न ही पेयजल और शौचालय की व्यवस्था है। इसके साथ ही यह बाजार सड़क पर लगता है जिसके कारण 6 नं चौराहे से लेकर अग्रसेन चौराहे तक जाम लगा रहता है और राहगीरों के लिए इस रास्ते से पैदल तक निकलना मुश्किल होता है। हाट बाजार की डगमगाई हुई व्यवस्थाओं से रहवासी और व्यापारी दोनों ही परेशान है। हाट में हाथ ठेले और फड़ लगानेवाले व्यापारियों का कहना है की यहां व्यापार करने के लिए वह 50 रुपये की पर्ची भी कटवाते है लेकिन इसके बावजूद भी उनके लिए यहाँ न तो पीने के पानी व्यवस्था है न ही बिजली और शौचालय की। यह पर्ची व्यापारियों से नगर निगम का हवाला देकर कटवाई जाती है। इसके साथ ही बाजार में गाय और सांड घूमते रहते है जो कई बार सामान गिरा देते है और उनसे व्यापारियों और आम जनता दोनों को खतरा है। हाट बाजार में खरीदारी करने आए लोगो का कहना है की वह यहाँ हर रविवार को खरीदारी करने आते है लेकिन यहां फैली गन्दगी और ट्रैफिक जाम से उन्हें खरीदारी करने में काफी परेशानी होती है।

**क्यों है व्यापारी और जनता परेशान**

हम बड़ेगांव से हर रविवार को यहां कपड़ो का फड़ लगाने आते है और 50 रुपये की पर्ची भी कटवाते है लेकिन हर बार हमे बड़ी मुश्किल से यहां अपना सामान जमाने की जगह मिलती है। यहां हमारी किसी समस्या की कोई सुनवाई नहीं होती। –सुनील लोहट (फड़ संचालक)

हम यहां सड़क पर चुड़ियो और मेकअप के सामन का फड़ लगाते है। पूरा दिन हम यही रहते है लेकिन यहां हमारे लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। मजबूरन हमे खुले में बाथरूम और शौच के लिए जाना पड़ता है। – फूली बाई (फड़ संचालक)

मैं यहां आचार और पापड़ का ठेला लगाता हूँ, अक्सर गाय और सांड आकर मेरा सामान फैला देते है। जानवरो की वजह से कई बार लोगो को भी चोट लग चुकी है और वाहनों को भी नुक्सान होता है। नगर निगम में इस समस्या की शिकायत कई बार की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। – मुन्ना गुप्ता (ठेला संचालक)

हम कई बार रविवार को यहां सामान लेने आते है लेकिन यहां इतनी भीड़ होती है की पैदल भी निकला मुश्किल होता है। ऊपर से सड़क पर कचरा फैला रहता है। कचरे में पैर फसने से लोग यहां गिरकर घायल हो चुके है। – रीना तोमर (ग्राहक)

# आईटीएम में 'मेघ मल्हार-2026' के दूसरे दिन राग मेघ की सुरवृष्टि से सराबोर हुआ सभागार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 जुलाई।** भारतीय ज्ञान परंपरा अध्ययन पीठ एवं आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत समारोह 'मेघ मल्हार-2026' के दूसरे दिन संगीत प्रेमियों को बनारस घराने की अनुपम गायकी का दुर्लभ रसास्वादन करने का अवसर मिला। पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र तथा पंडित स्वरांश मिश्र ने राग मेघ की विलंबित एवं द्रुत एकताल की बंदिशों से ऐसा वातावरण निर्मित किया कि पूरा सभागार मानो संगीत की वर्षा में भीग उठा।

**पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र ने बनारस घराने की शास्त्रीय गायकी से बांधा समां**




कार्यक्रम का आयोजन आईटीएम यूनिवर्सिटी के सिथौली परिसर स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे, कुलपति राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षाविद, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं और शहर के शास्त्रीय संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं कलाकारों के सम्मान के साथ हुआ। पंडित साजन मिश्र और पंडित स्वरांश मिश्र ने राग मेघ की प्रस्तुति देते हुए बंदिश 'धीर धरूं कैसे सावन आवन, संदेशो ना पायो...' सुनाई, जिसने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। तबले पर मनीष करबड़े तथा हारमोनियम पर अक्षत मिश्र ने प्रभावशाली संगत प्रस्तुत की। पंडित साजन मिश्र ने वर्षा ऋतु की मनोहारी अनुभूति से परिपूर्ण रचना 'कजरा कारे, कारे लागे अति प्यारे, घनघोर घटा छाई...' प्रस्तुत की। इस बंदिश में सावन, मेघ, पवन और विरह के भावों का ऐसा समन्वय था कि पूरा सभागार मंत्रमुग्ध हो गया। इसके बाद उन्होंने पंडित बड़े रामदास की प्रसिद्ध रचनाओं और अन्य पारंपरिक बंदिशों का गायन कर बनारस घराने की समृद्ध परंपरा का परिचय दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में पंडित साजन मिश्र ने राग तिलंग में ठुमरी प्रस्तुत की तथा गोस्वामी तुलसीदास की भावपूर्ण रचना 'जननी मैं न जियूँ बिन राम...' का गायन किया। उनकी इस प्रस्तुति ने श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। समापन राग भैरवी में देवी भवानी की स्तुति के साथ हुआ, जिसे श्रोताओं ने लंबे समय तक तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। युवा कलाकार पंडित स्वरांश मिश्र ने अपनी स्वयं की लिखी रचनाओं और कविताओं का भी पाठ किया। उन्होंने 'अघोरी चालीसा' सहित अपनी चर्चित कविता 'संक्षिप्त' का पाठ करते हुए जीवन, ज्ञान और आत्मबोध पर आधारित अपने विचार साझा किए। उनकी प्रस्तुति को युवाओं ने विशेष रूप से सराहा। 'मेघ मल्हार-2026' का दूसरा दिन संगीत, भक्ति और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के अद्भुत संगम का साक्षी बना। बनारस घराने की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को देर तक मंत्रमुग्ध रखा और कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

**संगीत सेल्फ एक्सप्रेशन है**

पंडित साजन मिश्र ने विद्यार्थियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'संगीत सेल्फ एक्सप्रेशन है। हृदय में उठने वाले भावों को सबसे सुंदर ढंग से व्यक्त करने का माध्यम संगीत है। भारतीय शास्त्रीय संगीत केवल सुरों का अभ्यास नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, साहित्य और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत स्वरूप है।' उन्होंने युवाओं से भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरा को समझने और उससे जुड़ने का आह्वान किया।

## पीएचई की फाइल रास्ते में गिरी, प्रकरण दर्ज

**ग्वालियर, 20 जुलाई।** शारदा विहार पानी की टंकी से नगर निगम मुख्यालय वापस लौटते समय महेश कुमार मगरैया की मोटर साइकिल पर रखा एक थैला रास्ते में गिर गया। थैले में नगर निगम की महत्वपूर्ण फाइलें हैं। कार्यपालन यंत्री हेमंत शर्मा के निर्देश पर पुलिस को थैली गिरने की सूचना दी गई है। साथ ही आमजनों से अपील की गई है कि अगर किसी को फाइल वाला थैला मिले तो वह नगर निगम में जमा कराएं। थैला वापस करने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। महेश कुमार मगरैया 24 जून 2026 को शारदा विहार स्थित पानी की टंकी पर निरीक्षण एवं आवश्यक कार्य से गए थे। वह अपने साथ फाइल क्रमांक सी 12/ 249/2 एवं माप पुस्तिका क्रमांक सी-212 थी जो कहीं रास्ते में गिर गई है। जिस किसी सज्जन को मिले तो कृपया महेश कुमार मगरैया मोबाइल नम्बर 9425773774 पर सम्पर्क करे बताने का कष्ट करें।

**तत्काल आवश्यकता** / **स्थानः हिमाचल प्रदेश**
टायर फैक्ट्री हेतु ऑपरेटर चाहिए
निम्न पदों के लिए अनुभवी उम्मीदवारों की आवश्यकता है
- Tyre Bead Building Machine Operator
- Tyre Building Machine Operator
- Tyre Curing Machine Operator

वेतनः 18,000-22,000 प्रति माह (अनुभव के अनुसार)
सुविधाएंः रहने के लिए कंपनी द्वारा कमरा उपलब्ध कराया जाएगा।
योग्यताः 12वीं पास/ ITI /डिप्लोमा, न्यूनतम 2 वर्ष का संबंधित अनुभव
किसी भी आयु के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।
इच्छुक उम्मीदवार अपना Resume/CV Whats करें: 9317801586

**सांदीपनि विद्यालय**
**कार्यालय शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लश्कर ग्वालियर**
Udise Code-23040505335 ISO Certified School
Gmail-Girlspadma@gmail.com
क्रमांक / सांदीपनि / 2026 620 ग्वालियर दिनांक 20-7-2026

**निविदा आमंत्रण**

3 एम.पी. गर्ल्स बटालियन आर्मी ग्वालियर और 3 एम.पी. नेवल यूनिट एन.सी.सी. ग्वालियर के अंतर्गत आने वाले विद्यालय एन.सी.सी. कैडेट को स्वल्पाहार प्रदान करने हेतु सत्र 2026-27 के निविदा आमंत्रण की जानी है। संबंधित प्रदायकर्ता प्रकाशन तिथि के 03 दिवस में विद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारियों को कुटेशन प्रदान करें।

प्राचार्य
सांदीपनि शा. पद्म क.उ.मा.विद्यालय
लश्कर ग्वालियर

# शराब के अवैध निर्माण व विक्रय के खिलाफ विशेष मुहिम जारी



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 जुलाई।** ग्वालियर शहर सहित सम्पूर्ण जिले में शराब के अवैध निर्माण, भण्डारण एवं विक्रय के खिलाफ कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर अभियान बतौर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लगातार कार्रवाई करने के निर्देश आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। इस कड़ी में सोमवार को आबकारी विभाग के दल ने ग्वालियर शहर में खासतौर पर स्कूलों के समीप की बस्तियों में निरीक्षण अभियान चलाया। आबकारी विभाग के दल द्वारा शहर में जिन स्कूलों के समीप की बस्तियों में विशेष जांच की गई, उनमें ड्रीम इंडिया स्कूल, संस्कार वैली स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, नोबल माइंड इंटरनेशनल स्कूल, सांदीपनि पटेल स्कूल व आईटीएम यूनिवर्सिटी के नजदीक स्थित बस्तियां शामिल हैं। इसके अलावा पटेल ढाबा सिरोल रोड सहित शहर की अन्य बस्तियों के संदिग्ध घरों में तलाशी ली गई।

**कलेक्टर के निर्देश पर गए आबकारी विभाग के दल ने विभिन्न बस्तियों में किया निरीक्षण**

इस दौरान जहां-जहां शराब से संबंधित अवैध गतिविधियां पाई गईं उनसे संबंधित आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

## बहोड़ापुर पुलिस ने 24 घंटे में बरामद की लापता किशोरी

**ग्वालियर, 20 जुलाई।** 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बहोड़ापुर पुलिस ने लापता नाबालिग बालिका को मात्र 24 घंटे के भीतर सकुशल ढूंढ निकाला। 17 जुलाई को बहोड़ापुर निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय बेटी बाजार से चप्पल लेने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर 19 जुलाई को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस किशोरी के बयान दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर, 20 जुलाई।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जोन-01, वार्ड-05, मानपुर फेस-1 में व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर आयुक्त टी प्रतीक राव के निर्देशानुसार सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज मानपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास में नागरिकों को घर एवं आसपास के क्षेत्र की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण करने, कचरा केवल डोर-टू-डोर संग्रहण वाहन को ही सौंपने तथा नालियों, खाली स्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फेंकने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही होम कम्पोस्टिंग अपनाने एवं एकल-उपयोग प्लास्टिक से बचने का संदेश भी दिया गया।

**नियम 92 ( 1 )( क )( ii )**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप**
**मध्यप्रदेश शासन**
**नगर पालिक निगम, ग्वालियर**
दिनांक 20/07/2026
**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_521817_1 | वार्ड 63 ग्राम गंगापुर कदम सिंह के घर से राजेन्द्र एवं शा.प्रा.वि. गंगापुर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 12,66,407/- | 2000/- 9498/- | 17.08.2026 |
| 2. | 2026_UAD_521838_1 | वार्ड 63 ग्राम मदनपुर मन्दिर से श्मशान घाट तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 12,70,843/- | 2000/- 9531/- | 17.08.2026 |
| 3. | 2026_UAD_521842_1 | वार्ड 64 ग्राम बलदेव सिंह के पुरा पर आकाश भदौरिया के घर से लेकर नरेन्द्र भदौरिया के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 12,57,006/- | 2000/- 9427/- | 17.08.2026 |
| 4. | 2026_UAD_521854_1 | वार्ड 64 ग्राम द्वारिका पुरी में श्याम पाल जादौन एवं अनूप तोमर पार्क के पास टाइल्स कार्य। | 12,59,661/- | 2000/- 9447/- | 17.08.2026 |
| 5. | 2026_UAD_521858_1 | वार्ड 63 ग्राम जमाहर रामजी लाल बघेल के घर से बाथम मोहल्ला हैण्डपम्प तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 12,10,223/- | 2000/- 9077/- | 17.08.2026 |
| 6. | 2026_UAD_521874_1 | वार्ड 63 ग्राम कुअरपुर दरगाह से नरेश राजावत के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 12,30,192/- | 2000/- 9226/- | 17.08.2026 |
| 7. | 2026_UAD_521989_1 | वार्ड 63 ग्राम जमाहर ओमी किरार के मकान से पटेल के घर तक सी.सी. रोड नाली निर्माण कार्य। | 12,65,787/- | 2000/- 9493/- | 17.08.2026 |

**नोट:** -निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर निगम, ग्वालियर**

**RO क्रमांक 513 दिनांक 20.07.2026**

**नवभारत**
**आवश्यकता है**
पद की योग्यता
देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के ग्वालियर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।
**मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव**
**(रीजनल)**
एमबीए, बीबीए को प्राथमिकता
नोट - स्वयं का वाहन एवं कंप्यूटर में दक्षता अनिवार्य
संपर्क करें
**कार्यालय - नवभारत प्रेस, एस.पी ऑफिस के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर**
( सुबह 11 से शाम 6 बजे तक)
9479319990
navabharatgwalior@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95